# समाचार

## वार्ड क्र. 40 एवं 34 में हुआ विकास कार्यो का लोकार्पण

## (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वार्डो में नवनिर्मित सार्वजनिक शेड, मंच को किया जनसेवा में समर्पित)




कोरबा 15 सितम्बर 2015 –नगर पालिक निगम कोरबा के बालको जोनांतर्गत वार्ड क्र. 34 लालघाट एवं वार्ड क्र. 40 रोकबहरी रोड बालको में दो नये विकास कार्यो का लोकार्पण किया गया। आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आयोजित कार्यक्रमों के दौरान शिलालेख पट्टिका का अनावरण एवं फीता काटकर नवनिर्मित सार्वजनिक शेड एवं मंच को जनता की सेवा में समर्पित किया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 40 रोकबहरी मोड़ बालकोनगर में पार्षदनिधि से 07 लाख 64 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. शेड का निर्माण कराया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्र. 34 लालघाट बस्ती में नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा प्रदत्त विधायकनिधि से 01 लाख 54 हजार रूपये की लागत से सार्वजनिक शेड का निर्माण कराया गया है। आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उक्त दोनों वार्डो में पृथक–पृथक आयोजित लोकार्पण कार्यक्रमों के दौरान इन विकास कार्यो का लोकार्पण किया, इस अवसर पर उन्होने शिला लेख पट्टिका का अनावरण एवं फीता काटकर उक्त दोनों विकास कार्यो को जनसेवा में समर्पित किया। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि आज निगम द्वारा 02 महत्वपूर्ण विकास कार्यो को जनता की सेवा के लिए तथा उनके उपयोग के लिए समर्पित किया जा रहा है, उन्होने कहा कि नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा प्रदत्त विधायक मद से वार्ड क्र. 34 लालघाट में सार्वजनिक शेड का निर्माण कराया गया है, इस शेड के निर्माण होने से यहां पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों हेतु एक व्यवस्थित स्थल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकी है। इसी प्रकार निगम द्वारा वार्ड क्र. 40 रोकबहरी मोड़ नेहरूनगर में पार्षदनिधि से आर.सी.सी. शेड का निर्माण कराया गया है, इस बस्ती में सार्वजनिक आयोजनों हेतु स्थल की कमी काफी समय से महसूस की जा रही थी, अब इस शेड के निर्माण के पश्चात यहां के निवासियों को विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों के लिए एक सुव्यवस्थित स्थल उपलब्ध हो सकेगा। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आगे कहा कि निगम द्वारा वर्तमान में काफी संख्या

में नये विकास कार्यो की निविदाएं बुलाई गई हैं तथा निविदा प्रक्रियाएं संपादित कराई जा रही है। उन्होने कहा कि निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में समान रूप से विकास करना तथा आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा निगम इस दिशा में कार्य कर रहा है। इस अवसर पर पूर्व सभापति संतोष राठौर, पार्षद हितानंद अग्रवाल, महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान आदि ने भी संबोधित किया तथा कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन जयप्रकाश घिलहरे द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन मेयर इन कांउसिल सदस्य देवीदयाल सोनी एवं पार्षद श्री हितानंद अग्रवाल द्वारा किया गया।

**जनसंपर्क कर महापौर ने जानी जनसमस्याएं**—महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने लोकार्पण कार्यक्रम के पश्चात वार्ड क्र. 34 लालघाट बस्ती एवं वार्ड क्र. 40 नेहरूनगर में जनसंपर्क कर वहां के निवासियों से उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली तथा समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये। लालघाट बस्ती में पेयजल की समस्या बताये जाने पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को तत्काल पेयजल की समुचित व्यवस्था किये जाने के संबंध में आवश्यक कदम उठाने को कहा।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्य देवीदयाल सोनी एवं इंदिरा कौशिक, पार्षद हितानंद अग्रवाल, संतोष कुर्रे, पूर्व सभापति संतोष राठौर, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव कुसुम द्विवेदी, महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, जे.पी. घिलहरे, विकास डालमिया, संजय बरेठ, बंटी अग्रवाल, निगम के सहायक अभियंता तपन तिवारी, राजेश पाण्डेय, विमल सिंह गोयल नागरिकगण सुमित कुमार, छेदीलाल श्रीवास, मंजू राठौर, प्रेमदास महंत, अंजू राठौर, अमरकंटक प्रसाद, महावीर, चन्दर सिंह राजपूत, रमेश कुमार, सत्यनारायण, रामप्यारे यादव आदि के साथ काफी संख्या में आमनागरिकगण उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)